Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to make medical arrangements at all the airports in the country to screen in-bound passengers for Corona virus -laid.

श्री कीर्ति वर्धन सिंह (गौंडा): मैं माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी का ध्यान Coronavirus (2019-ncovi) की ओर दिलाना चाहता हूँ, जिसकी उत्पत्ति चीन देश से होते हुए आस्ट्रेलिया एवं यूरोप के कुछ देशों तक फैल चुका है ।

यह अत्यन्त ही गंभीर बीमारी है तथा संक्रमित व्यक्ति द्वारा दूसरे व्यक्तियों में आसानी से पहुंच जाता है । अपने देश में भी मुम्बई और केरल राज्य के 6 कोरोना वायरस द्वारा संक्रमित व्यक्तियों पहचान हो पायी है । इन व्यक्तियों को आइसोलेशन वार्ड में रखकर इलाज किया जा रहा है । यह बीमारी महामारी का रूप न धारण कर ले इससे पूरा विश्व चिंतित है ।

मैं माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा कि इस गंभीर बीमारी को अपने देश में फैलने से रोकने के लिये अन्य मंत्रालयों जैसे कि विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय, नागरिक उड्डयन मंत्रालयों से सामंजस्य बैठाते हुए हर एक अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर Quarantine की व्यवस्था हो जिससे कि कोई भी संक्रमित विदेशी नागरिक का अपने देश में प्रवेश न हो पाए और इन देशों से आने वाले भारतीय नागरिकों की भी जांच करवाते हुए उनका निकटतम अस्पताल में इलाज कराया जाए ।